**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रश्नकाल**

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र के तीसरे दिन आज सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष में जॉब ट्रेनी पॉलिसी और बेरोज़गारी के मुद्दे को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल में दी गई नौकरियों का हिसाब मांगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में नौकरियों को लेकर जो आंकड़े पेश किए उस पर विपक्षी सदस्यों ने असंतुष्टि जताई। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई और विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने झूठे आंकड़े पेश कर अपने पद की गरिमा के साथ सदन की भी अवमानना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर साल एक लाख नौकरियां देने का वायदा किया था, लेकिन कांग्रेस को सत्ता में 3 साल होने जा रहे हैं और युवाओं को रोज़गार नहीं मिल रहा है।

..........................................................

**शून्यकाल**

प्रदेश विधानसभा में शून्य काल के दौरान विधायकों ने कुछ गंभीर मुददे भी उठाए। इंदौरा के विधायक मलेन्द्र राजन ने भारत और पाकिस्तान के बीच हो रहे क्रिकेट मैच को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि हिमाचल की तरफ से बीसीसीआई व केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए जिसमें इस मुकाबले की कडी निंदा की जाए और इसे तुरंत रद्द करने की मांग हो। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच क्रिकेट के मुकाबले को बीसीसीआई ने सहमति दी है जिसपर उन्हें गंभीर आपत्ति है। मलेन्द्र राजन ने कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच देशवासियों के बलिदान का अपमान है और देशभावना के विपरीत है। देश के लिए जिन शहीदों ने बलिदान दिया उनके बलिदान का अपमान है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मामले को राज्य सरकार को भेजा जाएगा। विधायक हरदीप बावा ने नालागढ विधानसभा क्षेत्र में किसानों को कृषि विभाग द्वारा उनकी फसल का मूल्य अब तक पूरी तरह से न चुकाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वहां के 3 सौ 6 किसानों को कृषि विभाग ने फसल की 5 करोड 98 लाख की राशि में से 1 सौ 4 को ही 2 करोड 26 लाख की राशि दी है। 3 करोड 61 लाख की राशि अभी भी शेष बची है जिसे चुकता नहीं किया गया है।

विधायक सुखराम चौधरी ने पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में पुरूवाला–अंबोआ–नकेता सडक का मामला उठाते हुए कहा कि इस सड़क से 15 पंचायतों के लोगों को लाभ मिलता है। उन्होंने सडक की दुर्दशा पर चिंता जताई।

---

**लोकसभा ऑनलाइन गेमिंग**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक –2025 पेश किया। इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना व पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। इसके अंतर्गत समन्वित नीतिगत सहयोग, रणनीतिक विकास और विनियमन के लिए ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी की नियुक्ति का प्रावधान है। इसका उद्देश्य इन खेलों से जुडे प्रभावों से विशेषकर युवाओं और वंचित लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। यह विधेयक देश की सुरक्षा और सम्प्रभुता तथा वित्तीय प्रणाली की अखंडता की सुरक्षा करेगा। यह जनहित में एकसमान और राष्ट्रीय स्तरीय विधि ढांचा स्थापित करेगा।

---

**जयंती**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की आज 81वीं जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जंयती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने लोगों से राजीव गांधी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी को 'आधुनिक भारत के निर्माता' के रूप में याद किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति राजीव गांधी की दूरदृष्टि का परिणाम है, जिससे आज के युवा लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित किया। बाद में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व सद्भाव की शपथ भी दिलाई।

---